आरटीओ टीम पर केस दर्ज नहीं करने का आरोप

नोखा, (कासं)। भारतमाला रोड पर देसलसर फांटे के पास आरटीओ टीम की ओर से ट्रकों से जबरन वसूली, रूपए नहीं देने पर मारपीट करने और थाने में रिपोर्ट देने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया गया। नोखा विधायक सुशीला डूडी ने इस संबंध में एसपी-आईजी से मिलकर नाराजगी जताई।

19 जनवरी को भारतमाला रोड पर देसलसर फांटे के पास आरटीओ टीम और ट्रक चालकों में बोलचाल और मारपीट हो गई थी। इस मामले को लेकर नोखा विधायक सुशीला डूडी, जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल और देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसपी-आईजी से मिला। पुलिस अधिकारियों के समक्ष आरोप लगाया कि आरटीओ की टीम जबरन वसूली कर रही थी। एक ट्रक गुजरात से कोयला भरकर पंजाब जा रहा था। उसे रोककर वसूली की जाने लगी और इसका विरोध किया तो मारपीट की। मुकदमा दर्ज करवाकर ट्रक में सवार बासी निवासी सहीराम को गिरफ्तार करवा दिया गया। जबकि उसके साथ मारपीट करने वाले आरटीओ के एसआई सुरेश कुमार व अन्य के विरूद्व नोखा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी गई तो मुकदमा दर्ज नहीं किया। नोखा विधायक डूडी ने एसपी-आईजी से घटना पर नाराजगी जताई और मुकदमा दर्ज कर जांच करने के लिए कहा। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल, जितेन्द्र कस्वां, राजपाल कुलहरि, श्रवण जाखड़, जेठाराम, दानाराम, गिरधारी कूंकणा शामिल थे।

कलेक्टर ने स्कूटी चलाकर दिया बेटियों को पढ़ाने का संदेश

बीकानेर, (कासं)। 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' योजना के दस वर्ष पूर्ण होने उपलक्ष में बुधवार को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अगुवाई में बाइक रैली निकाली गई।

पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने जूनागढ़ के आगे से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा

- **बाइक रैली से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के साथ यातायात नियमों के प्रति जागरूकता तथा सड़क सुरक्षा के संदेश भी दिया**

महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से इस रैली का आयोजन किया गया है। योजना के तहत राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। जिले में 8 मार्च तक विभिन्न विभागों के सहयोग से बालिका शिक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जायेगी।

जिला कलेक्टर ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिलने से ही उनके उज्जवल भविष्य और विकसित समाज की संकल्पना को साकार किया जा सकता है। इस रैली के माध्यम से बालिका शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्माण और संदेश देने का प्रयास किया गया है।

बीकानेर कलेक्टर नमृता वृष्णि (बीच में) महिला एवं अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ अनुराधा सक्सेना को अपनी स्कूटी पर पीछे बिठा कर बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ रैली में शमिल हुई।

पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने कहा कि बाइक रैली के माध्यम से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के साथ-साथ यातायात नियमों के प्रति जागरूकता तथा सड़क सुरक्षा के संदेश भी दिया गया है। रैली में पुलिस परिवहन विभाग की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। बाइक रैली के दौरान जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने स्वयं स्कूटी चलाकर बालिका शिक्षा का संदेश दिया। जिला कलेक्टर महिला एवं अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ अनुराधा सक्सेना को अपनी स्कूटी के पीछे बिठा कर रैली में शमिल हुई। डॉ सक्सेना ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता, महिलाओं की शिक्षा स्वास्थ्य स्वरोजगार, आत्मरक्षा के साथ आत्म विश्वास बढ़ाने की दिशा में एक नवाचार के रूप में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उद्योग, पुलिस, परिवहन,कृषि, शिक्षा, आरएसएलडीसी सहित विभिन्न गैर सरकारी संगठनों महाविद्यालयों आदि का सक्रिय सहयोग लिया गया है। रैली जूनागढ़ से कलेक्ट्रेट, गांधी पार्क, सर्किट हाउस, म्यूजियम, जयपुर रोड स्थित महिला अधिकारिता कार्यालय तक निकाली गई। रैली में पुलिस विभाग की निर्भया स्क्वायड, कालिका टीम सदस्य, विधि राजकीय व निजी कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हुए। रैली में बालिका शिक्षा का संदेश देते बैनर, परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं को निःशुल्क हेलमेट भी वितरित किए गए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी अनिल पांडेय, जिला परिवहन अधिकारी भारती नैथानी, आईसीडीएस उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई सहित महिला अधिकारिता के सतीश परिहार, विजयलक्ष्मी जोशी सहित अन्य कार्मिक मौजूद थे।

चोरी की वारदात का खुलासा

श्रीगंगानगर, (कासं)। जवाहर नगर सेक्टर 8 के बंद मकान से 73 ग्राम सोना और 15 किलो 900 ग्राम चांदी चोरी की वारदात का खुलासा किया।

जवाहर नगर पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल गुलाबसिंह ने बताया कि दोई छोटी निवासी हरप्रीतसिंह पुत्र गुरमुखसिंह, रामलाल कॉलोनी निवासी मोनू पुत्र पंकज कुमार और एसएसबी रोड निवासी संदीप पुत्र पप्पूराम को इस वारदात के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। तीनों युवक छोटी-मोटी मजदूरी करते हैं। नशे के आदी हैं।

हेरोइन का नशा करते समय कांडा नाम के युवक को अपने साथियों के साथ चोरी की बात करते सुना था। इसके बाद इन्होंने भी चोरी की योजना बनाई। रात को पैदल ही रैकी करके ताला लगा मकान तलाश किया और फिर रॉड लेकर चोरी करने को घुस गए। आरोपियों ने बाहर की लोहे की जाली को तोड़ा। फिर कमरे के रोशनदान में लगे एग्जास्ट फैन को तोड़कर फेंक दिया। इसके बाद मकान में प्रवेश कर चोरी की वारदात की।

जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल गुलाब सिंह ने बताया कि आरोपी हरप्रीत शादी या अन्य समारोह में फ्रूट चाट का काम करता है। संदीप ट्रैक्टर चलाता है। तीसरा आरोपी मोनू मजदूरी करता है। तीनों छजगरिया बस्ती या आसपास से नशा बेचने वालों के यहां मिलते-जुलते रहते थे। आसपास कॉलोनी के होने के कारण दोस्त हो गए थे। नशे की जरूरत पूरी करने को ताले तोड़े। चुराये गए सामान की बरामदगी के लिए पूछताछ की जा रही है। आरोपी चोरी के बाद मोटा माल हाथ लगने के बाद मानसिक संतुलन खो बैठे।

सार-समाचार

रामभक्ति काव्य परंपरा व्याख्यान

प्रो. मदन सैनी ने राजस्थानी साहित्य में रामभक्ति काव्य परंपरा व्याख्यान दिया।

बीकानेर, (कासं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर के राजस्थानी विभाग द्वारा विस्तार व्याख्यान माला कार्यक्रम के तहत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन रखा गया। व्याख्यान का विषय 'राजस्थानी साहित्य में रामभक्ति काव्य परंपरा' रखा गया था। विषय पर अपनी बात रखते हुए मुख्य वक्ता डॉ. मदन सैनी ने कहा कि राजस्थानी साहित्य में रामकथा लिखने की परंपरा तुलसीदास से पूर्व की है। राजस्थानी के कवि मेहोजी गोदारा ने रामचरित मानस से पूर्व ही रामायण की रचना कर दी थी, जिसमें कथात्मक अंतर मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. राजेन्द्र पुरोहित ने विद्यार्थियों को भगवान राम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आग्रह किया और कहा कि वर्तमान दौर में जीवन को संघर्ष मानकर अपने कर्तव्य से विमुख रहने वालों को राम के पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विभाग प्रभारी तथा संयोजक डॉ. ब्रजरतन जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विभाग की उपलब्धियां गिनाई। इस अवसर पर राजस्थानी संस्कृति की परंपरानुसार मुख्य वक्ता डॉ. मदन सैनी को साफा एवं शॉल अर्पण किया।

टीबी मरीजों को पोषण सामग्री बांटी

रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स के नए प्रकल्प टीबी क्लिनिक का शुभारंभ कर टी. बी. मरीजों को पोषण सामग्री बांटी।

बीकानेर, (कासं)। रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक नए प्रकल्प का शुभारंभ किया। इसका कार्यक्रम बुधवार को पीबीएम अस्पताल के टीबी क्लीनिक में किया गया। कार्यक्रम का संयोजन रोटे. जगदीप सिंह ओबेराय और रोटे. डॉ. सी.एस. मोदी द्वारा किया गया। इस प्रकल्प के तहत जरूरतमंद टीबी मरीजों को पोषण के लिए खाद्य सामग्री प्रदान की गई। आरंभिक चरण में 15 मरीजों को तीन माह तक आवश्यक खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए गए। यह अभियान रोटरी क्लब बीकानेर रायल्स द्वारा प्रत्येक माह नियमित रूप से संचालित किया जायेगा। प्रथम चरण के इस अभियान का वित्त पोषण रोटे. गोपाल अग्रवाल और रोटे. जगदीप सिंह ओबेराय ने किया। क्लब के इस प्रयास का उद्देश्य टीबी मरीजों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करना है, जिससे वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को गति मिल सके।

जुआ खेलते 10 जने गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। कोटगेट थाना पुलिस ने बांद्राबास के एक मकान में जुआ खेल रहे दस लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 34400 रूपये नकदी जब्त की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बांद्रा बास के एक मकान में जुए का अड्डा चल रहा है। पुलिस की टीम ने मौके पर छापा मारा तो जुआरी ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे थे। पुलिस ने मकान की घेराबंदी कर बांद्रा बास निवासी परसाराम चांगरा, किशन वाल्मीकि, रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया निवासी रेवन्त बन गेस्वामी, बांद्रा बास निवासी अर्जुन वाल्मीकि, चौधरी कॉलोनी निवासी बालकिशन विश्नोई, बांद्रा बास निवासी साजन वाल्मीकि, श्रीकान्त वाल्मीकि, किशोर वाल्मीकि, रानी बाजार बंगाली मंदिर क्षेत्र निवासी योगेन्द्र सिंह और बांद्रा बास निवासी सुनिल चांगरा को हिरासत में लिया। कोटगेट एसएचओ विश्वजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम में एसआई गौरव बोहरा, कांस्टेबल सोनू शर्मा, बबलूराम, अशोक, शिवराज और डी.आर. मुकेश शामिल थे।

शहीद बेटे की प्रतिमा लगाने की गुहार

बीकानेर, (कासं)। शहीद मेजर जेम्स थॉमस की 88 वर्षीय माता मेरी कुटी थॉमस ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर वीर पुत्र और बीकानेर के सर्वश्रेष्ठ योद्धा कीर्ति चक्र सम्मानित मेजर जेम्स थॉमस की प्रतिमा को पब्लिक पार्क में स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, मंत्री सुमित गोदारा, बीकानेर के सभी विधायकों सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से इस कार्य में पूर्ण सहयोग देने की अपील की है। थॉमस ने कहा कि मेजर जेम्स थॉमस ने 19 साल पहले देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। ऐसे वीर सपूत का सम्मान करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने पब्लिक पार्क जैसे प्रमुख स्थल पर प्रतिमा स्थापना कर शहीद की स्मृति को अमर करने की बात कही। बीकानेर के युवा लम्बे समय से इस विषय को लेकर सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। शहीद मेजर जेम्स थॉमस के सम्मान में युवाओं ने एकजुट होकर प्रतिमा स्थापना की मांग को बुलंद किया है। इस अभियान में एडवोकेट रामदयाल राजपुरोहित, सहीराम गोदारा, मनीष गौड़, गजेंद्र, राजू, सीताराम सियाग, गणेशदान, रामरख सहित कई अन्य युवा सक्रिय रहे।

पीबीएम में आईसीयू में वेंटिलेटर सहित150 उपकरण खराब

बीकानेर,(कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल में 150 से अधिक उपकरण खराब पड़े हैं। मेडिसिन आईसीयू में वेंटिलेटर और मॉनिटर दूसरे स्टोर से मंगवाने पड़ रहे हैं। सोनोग्राफी और एक्सरे मशीन तक काम नहीं कर रही है।

दरअसल राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में उपकरणों की मेंटिनेंस और रिपेयरिंग का काम सारिक्स कंपनी को सौंप दिया है। पहले यह काम केटीपीएल के पास था। नई कंपनी आने से खराब उपकरणों की शिकायतें बढ़ गई हैं। कारण उन्हें ठीक करने के लिए दक्ष इंजीनियरों की कमी बनी हुई है। मेडिसिन आईसीयू में वेंटिलेटर और मॉनिटर पंद्रह दिन से खराब पड़े हैं। खराब उपकरणों की जगह दूसरे लगाये गए हैं, लेकिन यह भी खराब हो गए तो मरीजों के लिए समस्या खड़ी हो जायेगी। इसी प्रकार एक एक्सरे और सोनोग्राफी मशीन भी

- **मेडिसिन आईसीयू में वेंटिलेटर और मॉनिटर पंद्रह दिन से खराब पड़े हैं**
- **एक्सरे सोनोग्राफी मशीन भी खराब पड़ी है**

खराब पड़ी है।

स्थिति ये है कि ऑपरेशन थिएटर में काम आने वाली पांच टेबल खराब हैं। इसके अलावा छोटे-बड़े 150 से अधिक उपकरणों के खराब होने की सूचना ई उपकरण पोर्टल पर अपलोड की गई है। संवेदक के इंजीनियर उन्हें देख तो रहे हैं, लेकिन ठीक एक भी मशीन नहीं हो पाई है। राहत की बात ये है कि सर्दी के मौसम में मरीजों को लोड कम है। जानकारी के अनुसार सारिक्स कंपनी ने दक्षिण भारत से 12 इंजीनियर पीबीएम हॉस्पिटल भेजे हैं, जो रोज की शिकायत देखेंगे। लेकिन कंपनी का सैटअप पूरी तरह नहीं बन पाया है। इसलिए ई उपकरण पोर्टल पर मशीनों की संख्या रोज बढ़ रही है।

आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर रिसर्च सेंटर में लिनियर एस्सीलेटर मशीन दो दिन-तीन दिन खराब रही। इससे कैंसर के करीब 200 मरीजों के सेक नहीं लग पाए। कुछ मरीज मरीज पीबीएम अधीक्षक के पास भी पहुंचे। इस मशीन से रोज कैंसर के 100 मरीजों की रेडियोथैरेपी होती है।

यह कोबाल्ट मशीन का अपग्रेड वर्जन है। कैंसर हॉस्पिटल की कार्यवाहक निदेशक डॉ. नीति शर्मा ने बताया कि मशीन महंगी होने के कारण उसकी सीएमसी कर रखी है। उसे ठीक करने के लिए कंपनी चंढ़ीगढ़ से इंजीनियर भेजा है।

एन.सी.सी. यूनिट ने जीते 8 मैडल

बीकानेर,(कासं)। वेटरनरी महाविद्यालय की 1 राज आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी यूनिट ने वार्षिक गणतंत्र दिवस शिविर के तहत नई दिल्ली में आयोजित आर एंड वी यूनिटों की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदक जीतकर देश में सभी एनसीसी यूनिटों में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए इतिहास कायम किया है।

कमांडिंग आफिसर कर्नल देवेन्द्र सिंह दुहन ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में अंडर ऑफिसर स्वर्णिका राठौर ने दो स्वर्ण पदक एवं एक रजत, अंडर ऑफिसर अंश करनावत ने एक स्वर्ण, एक रजत एवं एक कांस्य तथा अंडर ऑफिसर मणिराज सिंघवी ने एक स्वर्ण एवं एक रजत पदक सहित कुल आठ पदक जीते। इस यूनिट के सभी घोड़ों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किये।

10 लाख का माल चोरी कर 8 लोगों ने बेचा

नोखा, (कासं)। नोखा थाने में स्क्रैप चोरी का मामला दर्ज हुआ है।

नोखा के वार्ड 19 निवासी मनफूल बिश्नोई ने बताया कि उनका स्क्रैप गोदाम कसाईयों का मोहल्ला मक्का मस्जिद के पीछे स्थित है। आरोप है कि संदीप और मनीष नाई ने छल से गोदाम की चाबी चुराकर लम्बे समय से धीरे-धीरे सामान चोरी कर बेच रहे थे।

करीब 15-20 दिन पहले जब मनफूल अपने गोदाम पहुंचे तो उन्होंने देखा कि ताला टूटा हुआ था और सामान गायब था। जांच करने पर दोनों आरोपियों ने दबाव में आकर चोरी की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि गुन्नू सेवग, विशाल उपाध्याय, कमल पंचारिया, सौरभ यादव, सूरज पंडित और किशन खीचड़ के साथ मिलकर चोरी की गई। चोरी का सामान कालूराम नायक, गणपत खान और सुभाष तेली को बेच दिया गया। कुल 8-10 लाख रूपए की चोरी की गई, जिसे सभी

- **चोरों ने पहले माफी मांगी व सामान वापस करने का वादा किया**
- **10-15 दिन बाद माल लौटाने से इनकार किया**

आरोपियों ने आपस में बांट लिया। आरोपियों ने शुरू में माफी मांगी और सामान वापस करने का वादा किया। उनके परिजनों ने भी मामले को सामाजिक स्तर पर सुलझाने की कोशिश की। पीड़ित ने 10-15 दिन तक इंतजार किया, लेकिन आरोपियों ने न केवल माल लौटाने से इनकार कर दिया बल्कि पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी तो पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया।

लूणकरनसर क्षेत्र में तीन नए विद्यालय स्वीकृत

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने लूणकरनसर विधानसभा में तीन नए स्कूल स्वीकृत करवाएं हैं।

गोदारा के प्रयासों से सूरतसिंह पुरा में राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल, गारबदेसर में राजकीय प्राथमिक विद्यालय (मेघवालों का मोहल्ला)तथा रावांसर में राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल स्वीकृत किए गए हैं। गोदारा ने बताया कि ग्राम वासियों की मांग पर इन सभी स्थानों पर नए विद्यालय स्वीकृत करने के साथ-साथ इन विद्यालयों के भवन निर्माण और अन्य सुविधाएं विकसित करने के लिए राशि भी जारी की गई है।

इन विद्यालयों के लिए 5 करोड़ 24 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

- **इन विद्यालयों के लिए 5 करोड़ 24 लाख रूपए स्वीकृत किए**

उन्होंने बताया कि सूरतसिंह पुरा विद्यालय के लिए 2 करोड़ 25 लाख रूपए, गारबदेसर राजकीय प्राथमिक विद्यालय के लिए 73. 93 लाख तथा रावांसर के राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल के लिए 2 करोड़ 25 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। गोदारा ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास का आधार है। ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक ढांचे को मजबूती देने के लिए लूणकरनसर क्षेत्र में नए स्कूलों की स्वीकृति दी गई है।

महिला बंदियों को देंगे हस्तकला प्रशिक्षण

बीकानेर,(कासं)। जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता, केन्द्रीय कारागृह तथा रोटरी क्लब आद्या के संयुक्त तत्वावधान में केन्द्रीय कारागृह में समावेश नई राह का ताना-बाना के तहत महिला बंदियों को हस्तकला (कढ़ाई) में कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा।

महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ अनुराधा सक्सेना ने बताया कि यह प्रशिक्षण 23 जनवरी से केन्द्रीय कारागृह में प्रारंभ होगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भरता, आत्म सम्मान और आर्थिक स्वावलंबन की भावना का विकास करने के साथ-साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। प्रशिक्षण के बाद जेल में रहते हुए महिलाएं काम प्रारंभ कर सकती है।

मां ने कराई किडनेप की रिपोर्ट, बेटी ने भाग कर प्रेमी से की शादी

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान की पॉपुलर सोशल मीडिया एक्ट्रेस-कॉमेडियन जान्हवी मोदी (25) के किडनैप मामले में नया मोड़ आ गया है। एक्ट्रेस की मां ने जिस युवक तरुण सिकलीगर पर किडनैप का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई थी। जान्हवी ने उसी युवक से जोधपुर में शादी कर ली है। एक-दूसरे को माला पहनाने का वीडियो भी सामने आया है। इसमें जान्हवी की मांग में सिंदूर भरा हुआ दिख रहा है।

सोशल मीडिया एक्ट्रेस-कॉमेडियन जान्हवी मोदी की मां ने बेटी के किडनैप का मामला दर्ज कराया था। एक्ट्रेस की मां ने आरोप लगाया कि बाजार से 2 नकाबपोश युवक उनकी

- **मां ने जिस युवक पर किडनैप की एफआईआर दर्ज करवाई थी, जान्हवी ने उसी युवक से जोधपुर में शादी कर ली**

बेटी को उठाकर ले गए। घटना बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ के बाजार की है। जान्हवी मोदी मारवाड़ी लैंग्वेज में बनने वाली शॉर्ट मूवीज का हिस्सा रहीं हैं। उनकी मूवी कंटेंट एक यूट्यूब चैनल पर अधिक दिखाई देता है और वे अक्सर बहू का रोल प्ले करती हैं।

जान्हवी बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में मोमासर बास मोहल्ले की रहने वाली हैं। जान्हवी के इंस्टाग्राम आईडी पर 23 हजार से ज्यादा फॉलोवर हैं। जिस यूट्यूब चैनल के शो में वो काम करती हैं। उसके सब्सक्राइबर की संख्या लाखों में हैं। जान्हवी की मां पुष्पा मोदी (46) ने एफआईआर में बताया कि वो अपनी बेटी के साथ मंगलवार शाम 7 बजे बाजार में घूम रही थीं। इस दौरान बाइक पर 2 नकाबपोश युवक आए। उन्होंने मुझे धक्का दिया और जान्हवी का हाथ पकड़कर खींचा। फिर उसे बेहोश कर वहां पहले से खड़ी कार में डालकर ले गए। मां ने तरूण सिकलीगर पर शक जताया। तरूण बीकानेर का रहने वाला है।

'प्लास्टिक हमारे जीवन, पर्यावरण, धरती, पशु, हवा के लिए बहुत खतरनाक'

बीकानेर, (कासं)। महावीर इंटरनेशनल बीकानेर गंगाशहर द्वारा चलाये जा रहे जन जागरण अभियान कपडे की थैली मेरी सहेली -सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बीकानेर के तहत आज श्री जैन कन्या पी. जी. महाविद्यालय बीकानेर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए टोडरमल चौपड़ा ने बीकानेर के चारों केन्द्रों द्वारा चलाये जा रहे जन जागरण अभियान 'कपड़े की थैली मेरी सहेली' कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. सुनीता गोयल, ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के नुकसान बताते हुए कहा सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे जीवन, पर्यावरण, धरती पशु, हवा के लिए बहुत खतरनाक है।

प्लास्टिक का सर्वप्रथम निर्माण 1862 इंग्लैण्ड के एलेक्जेंडर मार्क्स ने किया। पिछले 10 वर्षों से इसका

श्री जैन कन्या पी. जी. महाविद्यालय बीकानेर में कॉलेज छात्राओं को संगोष्ठी में 'कपड़े की थैली-मेरी सहेली' अभियान की जानकारी दी।

उपयोग अंधाधुंध हो रहा है। इसका कारण वेकल्पिक वस्तुओं से सस्ता होना है तथा जागरूकता का अभाव है। पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार प्रतिवर्ष भारत मे 3.3 लाख टन सिंगल यूज प्लास्टिक पैदा होता है। इसका 50 प्रतिशत तो सीधा समुन्द्र, नदियों, नालों में चला जाता है। नदी तालाब समुद्र में गंदगी का कारण कारण सिंगल यूज

- **कपड़े की थैली मेरी सहेली अभियान में संगोष्ठी का आयोजन**

प्लास्टिक है। प्लास्टिक थैली को जलाते तो वायु प्रदूषित होती है। इससे कैंसर, दमा, चर्म रोग एवं प्रतिरक्षा प्रणाली प्रभावित होती है। समुन्द्र में जाने से जीव जंतु मरते है, भूमि अनुपजाऊ बनती है। हमें प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे पानी की बोतल, पानी के गिलास चाय के कप, डिस्पोजल कैटरिंग सामान, प्लास्टिक थैली का उपयोग नहीं करना है। हमें अपने स्वयं को जागरूक करना है। यदि एक व्यक्ति भी इसका उपयोग करना बंद करता है तो केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 11 किलो प्रतिवर्ष उपयोग रोक सकते है।

गोपेश्वर बस्ती में सफाई अभियान

बीकानेर, (कासं)। श्री जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान महाविद्यालय द्वारा गोद ली गई गोपेश्वर बस्ती में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भारती सांखला एवं डॉ. सतपाल मेहरा ने बताया कि इस विशेष शिविर के तहत आज दिनांक 22/1/25 पांचवें दिन महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा गोपेश्वर बस्ती में सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-कचरे की सफाई की। साथ ही वहाँ के नागरिकों को समझाया कि हमें घर से लेकर सार्वजनिक स्थानों को सर्वत्र स्वच्छ रखना चाहिए। खुले में शौच व मल - मूत्र का त्याग करने से पर्यावरण प्रदूषण होता है ।इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिवराम सिंह झाझड़िया ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि स्वच्छता मानव सभ्यता का एक श्रेष्ठ संस्कार है। स्वच्छता से समस्त पर्यावरण को स्वच्छ रखने की चेतना बढ़ती है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Addl:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/ **आपत्ति सूचना** दिनांक : 13.1.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिह्यशी भूखंड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 23 के किला नं. 08 में भूखंड माप 25'-0'' गुणा 60'-0'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री मोहन लाल पुत्र श्री हंसराज निवासी गली नं. 08 बी, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखंड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री मोहन लाल पुत्र श्री हंसराज निवासी गली नं. 08 बी, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 23 के किला नं. 08 में भूखण्ड माप 25'-0'' गुणा 60'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref No. 12463159 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Addl:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/3314 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 16.1.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जगमीत सिंह पुत्र स्व. श्री कृष्ण सिंह निवासी म.नं. 48, गुरूनगर, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 6 जैड ए मुरब्बा नं. 108 किला नं. 20 में माप 30 इंटू 40 फीट भू.सं. ए-54, गुरूनगर, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 2160 दिनांक 23.1.2013 को श्री कृष्ण सिंह पुत्र श्री मुंशी सिंह एवं श्रीमती अमरजीत कौर पत्नी श्री कृष्ण सिंह के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती जगमीत सिंह द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 23.10.2023 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री जगमीत सिंह पुत्र स्व. श्री कृष्ण सिंह निवासी म.नं. 48, गुरूनगर, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1176 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर